नाम— 25/01/2018

अनुक्रमांक—

# दिल्ली पब्लिक स्कूल, विंध्यनगर

## PRE BOARD (2017–2018)

कक्षा–दस | अवधि –3 घण्टे

विषय–हिन्दी | अधिकतम अंक–80

- **इस प्रश्न–पत्र में चार खण्ड हैं–क,ख,ग और घ**
  **चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
  **यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।**

**खण्ड 'क'** **अंक–15**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **9**

मानसिक संस्कार का सम्बन्ध बड़ी–बड़ी डिग्रियों से नहीं है। ये संस्कार घर से और परिवार से ही प्राप्त होते हैं। अच्छे संस्कारों की पहचान मधुरता, गम्भीरता, नेक सलाह, सद्‌भाव, सहकारिता आदि गुणों के द्वारा होती है। सद्व्यवहार की सबसे बड़ी पहचान यह है कि व्यक्ति को दूसरे के प्रति वैसा ही व्यवहार करना चाहिए जैसा व्यवहार वह दूसरे से अपने लिए चाहता है। आपके अच्छे संस्कारों से ही अच्छा व्यक्तित्व परिलक्षित होता है। अच्छे व्यक्तित्व वाला,मूर्ख एवं अक्खड़ साथी को भी धीरे–धीरे उससे बिना लड़ाई किए, उसे सद्व्यवहार के पथ पर ले आता है। यही उसकी जीत है। हम जिस प्रकार की संगति में बैठेंगे, हमें वैसा ही फल भी प्राप्त होगा। अच्छे लोगों की संगति में हम अच्छे और बुरे लोगों की संगति में बुरे बन जाते हैं। स्वाति नक्षत्र में बरसने वाली पानी को जो बूँद साँप की संगति में विष बन जाती है, वही सीप की संगति में मोती बन जाती हैं। सत्संगति हमारे चरित्र का विकास करती है और सद्व्यवहार को प्रभावशाली बनाती है।अतः मानव को सदा अच्छे, सदाचारी तथा कर्मठ लोगों की संगति में ही रहना चाहिए।

(क) मानसिक संस्कारों का सम्बन्ध किससे प्राप्त होते हैं ? 2
(ख) अच्छे व्यक्तित्व की क्या पहचान है ? 2
(ग) सद्व्यवहार को प्रभावशाली बनाने के साथ–साथ सत्संगति क्या करती है ? 2
(घ) सद्व्यवहार की सबसे बड़ी पहचान क्या है ? 2
(ङ) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

2 **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **6**

दर्द की परछाइयों के दानवी बंधन हटाना।
छटपटाती ज़िंदगी को चेतना संगीत देना।
विश्व को नव पंथ देना, हारने को जीत देना।
आदमी हो, बुझ रहे ईमान को विश्वास देना।
मुसकराकर वाटिका में मधुभरा मधुमास देना।
शूल के बदले जगत को फूल की सौगात देना।
जो पिछडता हो उसे नवशक्ति देना, साथ देना।
आदमी हो,डूबते मँझधार में पतवार देना।
थक चला विश्वास साथी, आस्था आधार देना।
क्रांति का संदेश देकर राह युग की मोड़ देना।
फिर नया मानव बनाना, रूढ़ियों को तोड़ देना।
आदमी हो, द्वेष के तूफान को हँसकर मिटाना।
कंठ–भर विषपान करना, किन्तु सबको प्यार देना।
मेटना मज़बूरियों को, दीन को आधार देना।
खाइयों को पाटना, बिछुड़े दिलों को जोड़ देना।

(क) प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने बार–बार 'आदमी हो' क्यों कहा है ? 2
(ख) 'शूल के बदले जगत को फूल की सौगात देना' पंक्ति का क्या तात्पर्य है ? 2
(ग) 'जो पिछड़ता हो उसे नवशक्ति देना, साथ देना' पंक्ति के माध्यम से कवि ने क्या कहने का प्रयास किया है ? 2

## खण्ड 'ख'

अंक–15

3 (क) शब्द और पद में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। 2

**(ख) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए** 3

(i) धनी होने पर भी वह सुखी नहीं है। (संयुक्त वाक्य में ) 1
(ii) कल हमारे विद्यालय के वार्षिकोत्सव में अनेक प्रकार के कार्यक्रम होंगे। (मिश्र वाक्य में ) 1
(iii) सूर्योदय हुआ और सूर्य की किरणों से ओसबिन्दु मोती की तरह चमकने लगे। (सरल वाक्य में ) 1

4 **(क) निम्नलिखित समस्त पदों का समास विग्रह कर समास के भेद का नाम लिखिए–** 2
तिरंगा, देशभक्ति
**(ख) निम्नलिखित शब्दो का सामासिक पद बनाकर समास के भेद का नाम लिखिए–** 2
घोड़े पर सवार , गज के समान आनन है जिसका

5 **(क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:** 4
(i) कृपया मेरे धर आने की कृपा करें।
(ii) वहाँ मुफ़्त आँखों का आपरेशन हो रहा है।
(iii) यह ग्रंथ प्रेमचंद्र जी को समर्पण किया जाता है।
(iv) मैं सायंकाल के समय घूमने जाता हूँ।

**(ख) (i) निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य–प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए–** 1
आँखों में धूल झोंकना

**(ii) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए–** 1

तुम यह बात—————————कि चोरी और बेईमानी से कभी सफलता नहीं मिलती।

## खण्ड 'ग'

अंक–25

6 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** 5
(क) पुलिस जुलूस को क्यों नही रोक सकी? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए? 2
(ख) 'तीसरी कसम' फिल्म को किन–किन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है ? 2
(ग) शुद्ध–सोना और गिन्नी का सोना अलग–अलग कैसे है ? 1

7 प्रशासन में व्याप्त किन विसंगतियों को 'गिरगिट' कहानी में दर्शाया गया है ? अपने आस–पास ऐसी विसंगतियों को क्या आपने देखा है? स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

बढ़ती हुई आबादी ने पर्यावरण को कैसे प्रभावित किया ? 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

8 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** 5
(क) 'मधुर मधुर मेरे दीपक जल' कविता में दीपक और प्रियतम किसके प्रतीक है? स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) ''सर हिमालय का हमने न झुकने दिया'' पंक्ति में निहित भाव सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए। 2
(ग) विश्व शलभ , दीपक के साथ क्यों जल जाना चाहता है? 1

9 'आत्मत्राण' कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ? 5

**अथवा**

'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?

10 हरिहर काका को किन यातनाओं का सामना करना पड़ रहा था?यदि आपके पास हरिहर काका जेसी हालत में कोई व्यक्ति हो तो आप उसकी मदद किस प्रकार करेंगे? 5

अथवा

विभाजन के इतने दुःखद परिणामों के बाद भी आज भौगोलिक और मज़हबी विवाद बढ़ते जा रहे हैं, इन्हें रोकने के लिए युवा शक्ति की क्या भूमिका होनी चाहिए?

**खण्ड 'घ'** **अंक–25 :**

**11 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** 5

**(क) कर्म ही पूजा है–**
- आवश्यकता व महत्त्व
- कर्महीनता दुःखों का मूल
- कर्मठ व्यक्ति का समाज में स्थान।

**(ख) मानव की सुरक्षा प्रकृति की रक्षा–**
- मानव प्रकृति–पुरातन संबन्ध
- प्रकृति का संरक्षण
- दोनों का संतुलन।

**(ग) मेरे सपनों का भारत–**
- उत्तम का विकास
- शोषण व भ्रष्टाचार से मुक्त भारत
- प्रगतिशील–समृद्ध भारत।

12 अपने क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिकारी को अपना विधुत–बिल ठीक कराने के लिए पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

दिल्ली निवासी अनिमेष की ओर से किसी प्रतिष्ठित पत्र के संपादक को पत्र लिखकर नगर में डेंगू फैलने के कारणों की चर्चा करते हुए इससे निपटने की अपर्याप्त तैयारियों का उल्लेख कीजिए।

13 आप स्कूल कैप्टन राजेश हैं। स्कूल के विद्यार्थियों की पोशाक संबन्धी लापरवाही पर उन्हें चेतावनी देते हुए 20 से 30 शब्दों में एक सूचना लिखिए। 5

**अथवा**

आप अपने इलाके के गरीब बच्चों को शनिवार और रविवार को निःशुल्क पढ़ाना चाहते हैं। उससे संबंधित सूचना लिखिए।

14 होली का त्योहार मनाने की तैयारी के संदर्भ में दो स्कूली मित्रों के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

पृथ्वी सारे संसार का भार सहती है और आकाश जीवन देता है।दोनों में श्रेष्ठता निर्धारित करने के लिए विज्ञान के दो विद्यार्थियों की परस्पर चर्चा को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

15 किसी राज्य के पर्यटन विभाग की ओर से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 20–25 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

भारतीय सेना में भर्ती होने की प्रेरणा देने वाला विज्ञापन तैयार कीजिए।